## **प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनाँक- 16.10.2025**

- ❖ **आवेदक के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पर एलईडी बेचने का झाँसा देकर देकर 68,100/- रुपये ट्रांसफर करा लिये गये थे।**
- ❖ **थाना अकबरपुर पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि ₹ 68,100/- वापस करायी गयी ।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता सतीश कुमार पुत्र नरपत सिंह निवासी कस्बा व थाना रूरा जनपद, कानपुर देहात वर्तमान निवासी ब्रिटिश इंग्लिश एकेडमी कस्बा व थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात के द्वारा दिनांक 11.09.2025 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एलईडी बेचने का झाँसा देकर शिकायतकर्ता से यू.पी.आई. के माध्यम से 68,100/- रुपये ट्रांसफर करवाकर साइबर धोखाधडी की गयी थी । जिसके सम्बन्ध में आवेदक/शिकायतकर्ता द्वारा 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करायी गयी । जिस पर जांच एवं कार्यवाही करते हुए थाना अकबरपुर पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा शिकायतकर्ता के खाते में शत प्रतिशत धनराशि 68,100/- रूपये वापस करायी गयी । पुलिस की कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया ।

**खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।**

**वापस करायी गयी धनराशि-**

**₹ 68,100/-**

**धनराशि वापस कराने वाली टीम-**

थाना अकबरपुर पुलिस